परीक्षाएं मार्च में, जनवरी के अंत तक आएगी स्कीम

लखनऊ विवि

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने वार्षिक परीक्षाओं के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक मार्च से लविवि की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। परीक्षा विभाग पहले की अपेक्षा इस वर्ष कम समय में परीक्षा करवाने की जद्दोजहद में है जो स्कीम तैयार की जा रही है उसमें प्रतियोगी परीक्षाओं के दिनों के इतर तारीखों को शामिल किया जा रहा है। इससे परीक्षाएं क्लैश न करें।

इस बार बोर्ड परीक्षाएं करीब एक महीने पहले ही पूरी हो जाएंगी। इसको देखते हुए लविवि प्रशासन ने भी कम समय में परीक्षाएं करवाने की तैयारी कर ली है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके शर्मा ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक परीक्षाएं कम से कम तीन महीने तक चलती थीं। इससे परीक्षार्थियों का समय काफी बर्बाद होता था। इसलिए इस बार बीबीएए बीएससी और बीकॉम की वार्षिक परीक्षाएं 60 दिनों में ही पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि बीए के कॉबिनेशन परीक्षा करवाने से सीधेतौर पर आधा समय घट गया है। प्रो. शर्मा के मुताबिक दस दिन के भीतर स्कीम तैयार कर ली जाएगी। जनवरी के अंत तक स्कीम जारी हो जाएगी।

समय रहते निपटाएंगे आपत्तियां

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक समय से स्कीम जारी होने से कई फायदे होंगे। यदि उसमें कोई खामी रहती है तो आपत्ति मिलते ही उसकी सुधार आसानी से की जा सकेगी। परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।